हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 12 सितंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 22.5 डिग्री

10 सीवर लाइनों में छोड़ा जा रहा अनट्रीट पानी नोटिस देने...



10 सुरक्षा का जायजा लेने पैदल मार्च कर रहे दरोग...



## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

**खोल।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत वर्ष दर्ज कराई गई शिकायत के बाद दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने के बाद पुलिस ने गत 20 अगस्त को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में खुशीर्द नगर निवासी अजय को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### टूटी सड़क से ग्रामीणों को परेशानी

**रेवाड़ी।** मोहनपुर गांव के पास टूटी सड़क से हादसों की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव से बावल की ओर जाने वाली सड़क टूटकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। बारिश होते ही सड़कों के गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे हादसों का डर बना रहता है। दुपहिया वाहन चालक गड्ढों में एकत्रित पानी के कारण गिरकर हादसों का शिकार हो रहे हैं। इस रोड पर बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क की तुरंत मरम्मत कराने की मांग की है।

### नशीला पदार्थ सप्लाई करने वाला काबू

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने नशीला पदार्थ सप्लाई करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नशा बेचने के आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद 21 जनवरी व 8 सितंबर को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज किए थे। नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किए आरोपियों ने बताया था कि उन्हें नशीला पदार्थ बास सिताबराय निवासी संदीप उर्फ चुसु ने मुहैया कराया था। पुलिस ने संदीप को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### घर से लापता युवती का सुराग नहीं

**धारूहेड़ा।** कस्बे की एक कॉलोनी से करीब 18 वर्षीय युवती घर से लापता हो गई। पुलिस शिकायत में युवती के पिता ने बताया कि वह एक सोसायटी में रहता है। उसके बेटी घर से घूमने के लिए निकली थी। शाम तक वापस नहीं आने पर उसकी तलाश शुरू की गई। रिश्तेदारियों व दूसरे स्थानों पर पूछताछ करने पर भी उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद युवती की तलाश शुरू कर दी।

### चोरों का पता लगाने की मांग की

**डहीना।** निमोठ गांव में तीन दिन पहले हुई सात किसानों के खेतों में नोजल चोरी की वारदात के बाद ग्रामीणों ने पुलिस से चोरों का पता लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि चोर रात के समय नित्यानंद, संदीप, हंसराज, छोटेलाल व अन्य किसानों के खेतों से फव्वारा नोजल चोरी कर ले गए थे। इससे किसानों को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने थाना खोल पुलिस से चोरों का पता लगाकर नोजल बरामद कराने की मांग है।

### रेजांगला पर बनी फिल्म का नाम बदलें

**रेवाड़ी।** परमवीर चक्र विजेता व टाइगर हिल के हीरो कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव ने रेजांगला पर बनी फिल्म '120 बहादुर' के नाम में सुधार करने की मांग की है। एक बयान में उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माताओं ने इस नाम से रेजांगला युद्ध में अदम्य साहस का परिचय देने वाले महान बलिदानियों के शौर्य से खिलवाड़ किया है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। फिल्म निर्माताओं को इसके नाम में तत्काल बदलाव करना चाहिए।

### अनाज मंडियों में बाजरे की आवक शुरू, आढ़तियों को सस्ते दामों पर बेच रहे किसान

# बाजरे की फसल पर मौसम की मार, बेचने के लिए किसान रहेंगे लाचार, क्वालिटी को लेकर रहेगा भ्रम

**पछेती फसल भी बारिश से प्रभावित हुई, किसानों की बढ़ी चिंता**

नरेन्द्र वत्स ⏭ रेवाड़ी

सितंबर माह के पहले सप्ताह तक हुई भारी बारिश ने किसानों की बाजरे की अगेती फसल को चौपट कर दिया। पछेती फसल भी बारिश से प्रभावित हुई है। बारिश के कारण इस बार बाजरे की क्वालिटी बुरी तरह प्रभावित हुई है, जिससे किसानों को बाजरा बेचते समय भी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। मंडियों में बाजरे की आवक शुरू हो गई है, लेकिन सरकारी खरीद अभी शुरू नहीं हुई है। मंडी में आढ़ती क्वालिटी के हिसाब से बाजरे के दाम दे रहे हैं। सरकारी खरीद शुरू होने के बाद भी किसानों को बाजरा बेचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इस बार जिले के किसानों ने लगभग 90 हजार हेक्टेयर भूमि पर बाजरे की फसल उगाई है। फसल बिजाई के बाद समय-समय पर हुई बारिश से बाजरे की फसल अच्छी रही, परंतु पकाव के समय बारिश ने फसल खराब करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। नाहड़ व जाटूसाना खंडों में लगभग 3 हजार एकड़ फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। जहां फसल में सौ फीसदी से कम नुकसान है, वहां बाजरे की गुणवत्ता में कमी आ गई है। भीगने के बाद बाजरे का दाना काला पड़ गया है, जिसे इस्तेमाल के लिए उपयुक्त नहीं माना जाता। बड़ी संख्या में किसानों का बाजरा खराब हो चुका है, जिससे उसे बाजार में पर्याप्त भाव पर बेचना आसान नहीं है। बाजरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य इस बार प्रति क्विंटल 2775 रुपये निर्धारित किया हुआ है।



रेवाड़ी। अनाजमंडी में लगी बाजरे की ढेरियां। *फोटो: हरिभूमि*

#### फसल के दामों में क्वालिटी का असर

एमएसपी पर सरकार की ओर से बाजरा खरीद शुरू कराने के कोई आदेश जारी नहीं किए गए हैं। मंडियों में आवक शुरू होने के बाद आढ़ती किसानों का बाजरा तो खरीद रहे हैं, परंतु अभी बाजरा भाव क्वालिटी के अनुसार 1700 रुपये से लेकर 2250 रुपये तक बने हुए हैं। जरूरतमंद किसान अपने बाजरे को कम दामों पर ही बेचने के लिए मजबूर हैं।

#### अभी कोई गाइडलाइन्स नहीं मिली



इस बार बारिश के कारण बाजरे की क्वालिटी काफी प्रभावित हुई है। अभी सरकार या खरीद एजेंसियों की ओर से क्वालिटी को लेकर कोई गाइडलाइन्स जारी नहीं की गई हैं। गाइडलाइन्स के अनुसार ही बाजरे की खरीद हो सकेगी।
**-नरेंद्र कुमार,** सचिव, मार्केट कमेटी।

#### आढ़ती कर रहे बाजरे की खरीद



*मंडी में बाजरे की आवक शुरू हो गई है। आढ़तियों ने प्राइवेट प्रचेज शुरू कर दी है। बाजरे की क्वालिटी के अनुसार दाम दिए जा रहे हैं। अभी मंडी में बाजरे की खरीद 2250 रुपये तक हो रही है। सरकारी खरीद का इंतजार किया जा रहा है।*
***-राधेश्याम मित्तल,*** *प्रधान, व्यापार मंडल।*

#### बाजरे को कहां-कितना नुकसान प्रति एकड़

| खंड | 0 से 25 | 26 से 50 | 51 से 75 | 76 से 100 प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| बावल | 0 | 0 | 1555 | 0 |
| नाहड़ | 15857 | 7615 | 3889 | 2297 |
| जाटूसाना | 10155 | 11995 | 3340 | 745 |
| खोल | 3600 | 20035 | 0 | 0 |
| रेवाड़ी | 5395 | 10414 | 1532 | 4 |

#### सरकारी खरीद को लेकर असमंजस

*बाजरे की सरकारी खरीद को लेकर अभी तक असमंजस की स्थित बरकरार है। सरकार या खरीद एजेंसियों की ओर से बाजरे की गुणवत्ता को लेकर किसी तरह की कोई गाइडलाइन्स जारी नहीं की हैं। इससे खरीद शुरू होने के बाद भी निम्न क्वालिटी के बाजरे को लेकर किसान परेशानी उठा सकते हैं। सरकारी एजेंसियां घटिया क्वालिटी का बाजरा खरीदेंगी नहीं और क्वालिटी को लेकर गेंद पूरी तरह खरीद प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों के हाथों में होगी। जिन किसानों का बाजरा रिजेक्ट किया जाएगा, उन्हें मंडियों में आढ़तियों को ही सस्ते दामों पर अपनी फसल बेचनी पड़ेगी।*

#### खरीद के लिए मंडियों को किया तैयार

*बाजरे की आवक शुरू होने के साथ ही अनाज मंडियों में खरीद को लेकर तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। अनाजमंडी में वाटर कूलर ठीक कराए गए हैं। किसान भवन को किसानों के लिए खेल दिया गया है। मंडी की सफाई व्यवस्था को भी सुदृढ किया गया है। किसानों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखते हुए तैयारी शुरू कर दी गई है। गत वर्ष बावल और रेवाड़ी अनाजमंडी में एमएसपी पर एजेंसियों ने लगभग 4 लाख क्विंटल बाजरे की खरीद की थी। किसानों को टोकन के आधार पर फसल बेचने में कोई परेशानी नहीं आई थी। इस बार बाजरे का रकबा जरूर बढ़ा है, परंतु गत वर्ष के मुकाबले उत्पादन कम होने की संभावना है।*

## अवैध कब्जे हटवाने के आदेश दिए

- पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली

एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि पंचायती जमीन पर किसी व्यक्ति ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसलिए पंचायती भूमि को लोग स्वेच्छा से खाली कर दें। एसडीएम ने जाटूसाना व नाहड़ खंड के 18 गांवों का दौरा करने के बाद पाया कि दो गांव शादीपुर व आसियाकी गोरियावास में अवैध कब्जे किए हुए हैं। इनमें गोरियावास गांव में तो अवैध कब्जा करने वाले एक शख्स ने दीवार चिनवा कर आम रास्ता बंद कर दिया है। विलेज कामन लैंड एक्ट के तहत एसडीएम ने संबंधित बीडीपीओ को कब्जा हटवाने के आदेश जारी किए हैं।



कोसली। आसियाकी गोरियावास में निरीक्षण करते हुए एसडीएम विजय कुमार।

#### पटवारियों को मौके पर पहुंचने के निर्देश

*एसडीएम ने कहा है कि कोसली उपमंडल के किसी भी गांव में पंचायत की जमीन पर नाजायज कब्जा है तो वहां के पटवारी उसके बारे में तुरंत सूचना दें। उन्होंने गांव कोसली, रतनथल, उस्मानपुर, मोहद्दीनपुर, जखाला, लाला, छव्वा, गुडियानी, आसावास, धनौरी का दौरा किया। इस दौरान पंचायत व राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उनके साथ मौजूद रहे।*

## शराब पीकर वाहन चलाने पर 56 का चालान

- शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए पाए गए, पुलिस ने मौके पर ही किए चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर पुलिस की टीमों ने नाके लगाकर शराब के नशे में वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने 56 चालकों को शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए पकड़कर उनके मौके पर ही चालान किए। एसपी ने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए गए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ट्रैफिक नियमों की पालना के लिए दृढ़ता से करवाई की जाए। जिसके तहत जिला पुलिस द्वारा प्रतिदिन मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत ड्रंक एंड ड्राइव करके ट्रैफिक नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालको के चालान किए।





रेवाड़ी। वाहन चालकों की मीटर से जांच करते हुए पुलिसकर्मी। *फोटो: हरिभूमि*

#### लोगों को जागरूक भी कर रही पुलिस

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस की ओर से लगातार ट्रैफिक नियमों की पालना करने के लिए जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस का मकसद सड़कों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखना और सड़क हादसों को रोकना है। शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता है और यह मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के तहत दंडनीय अपराध है। इस प्रकार के अभियान भविष्य में

#### नशे में वाहन चलाने वालों के पर पुलिस ने कसा शिकंजा

*इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क पर नशे में वाहन चलाने वालों के ऊपर कड़ा शिकंजा कसना है। अक्सर देखने में आता है कि रात्रि के समय काफी वाहन चालक नशे में धुत होकर वाहन चलाते हैं जिससे वह अपने आप को तो खतरे में डालते ही हैं साथ में सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालक के लिए भी खतरा बन जाते है। पुलिस समय-समय पर ड्रंक एंड ड्राइव अभियान चलाकर नशे में धुत होकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कड़ा शिकंजा कस रही है। इस अभियान के तहत जिला पुलिस ने कड़ी कारवाई करते हुए पिछले दो दिनों में नशे का सेवन करके वाहन चलाने वाले 56 वाहन चालकों के चलान किए गए है।*

## लापरवाही के आरोप में प्रबंधक सहित दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

- मशीन का सेंसर खराब होने के कारण फंस गया था हाथ

थाना कसोला पुलिस ने जून माह में मशीन का सेंसर खराब होने बावल की एक कंपनी में कर्मचारी की उंगली कट गई थी। पुलिस ने कर्मचारी के बयान पर प्रबंधन और ठेकेदार के खिलाफ के खिलाफ केस दर्ज किया था पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस बयान में यूपी के सिसावा सौराव निवासी फूलचंद ने बताया था कि कंपनी में सात साल से नौकरी कर रहा है। वह मशीन पर ऑपरेटर लगाया हुआ है। मशीन का सेंसर खराब होने के कारण 9 जून को उसका हाथ मशीन में फंस गया। उसके दाहिने हाथ की उंगली मशीन में दबकर खराब हो गई।

#### यह है आरोप

कंपनी प्रबंधन ने एक प्राइवेट अस्पताल में उसे दाखिल कराया था, जहां से उसे पहले रेवाड़ी और बाद में मानेसर ले जाया गया। वहां से रेफर करने के बाद उसे फरीदाबाद के एक अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां खराब होने के कारण डॉक्टर ने उंगली काट दी। उसने आरोप लगाया कि कंपनी प्रबंधन की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। अब प्रबंधन की ओर से कोई मदद भी नहीं की जा रही है। पुलिस ने उसके बयान पर 21 जून को केस दर्ज किया था। इस मामले में कसोला पुलिस ने अलवर बाईपास रोड भिवाड़ी निवासी मनोज और बावल के हसनपुरा मोहल्ले में रहने वाले यूपी के बुढऊ निवासी रविकांत को गिरफ्तार कर लिया।

## यात्रीगण कृपया ध्यान दें... तीन जोड़ी ट्रेनों में यात्रियों की सुविधा के लिए बढ़ाए अस्थायी कोच

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेल विभाग ने 3 जोड़ी ट्रेनों में अस्थाई रूप से कोच बढ़ाए गए हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि गाडी संख्या 04827/04828, भगत की कोठी जोधपुर बान्द्रा टर्मिनस भगत की कोठी जोधपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में भगत की कोठी जोधपुर से 27 सितंबर को एवं बान्द्रा टर्मिनस से 28 को 3 थर्ड एसी व 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। गाडी संख्या 09721/09722, जयपुर-उदयपुर सिटी-जयपुर रेलसेवा में जयपुर से 14 सितंबर से 30 सितंबर तक एवं उदयपुर सिटी से दिनांक 15 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 1 थर्ड एसी व 1 साधारण श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।



### मादक पदार्थों के दुरुपयोग और उनकी अवैध तस्करी की बुराइयां बताकर युवाओं को दिए करियर संबंधी टिप्स

# स्कूलों में पहुंच रही पुलिस की नशामुक्ति टीम, विद्यार्थियों को कर रहे नशे के प्रति जागरूक, शिक्षा पर दिया जा रहा जोर

**टीम ने कई स्कूलों में विद्यार्थियों को पढ़ाया नशे से बचने का पाठ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में जिले को नशा मुक्त करने के लिए पुलिस का अथक प्रयास निरंतर जारी है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मादक पदार्थों के दुरुपयोग और उनकी अवैध तस्करी के प्रति समाज में जन-जागरूकता फैलाना है, साथ ही युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से रोककर एक स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक समाज का निर्माण करना है।

अभियान के तहत वीरवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने गवर्नमेंट स्कूल नयागांव, यदुवंशी स्कुल गांव डोहकी, घुडकवास व मुंढलिया का दौरा करके स्टूडेंट्स व आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई के विरुद्ध सामाजिक आंदोलन चलाने की आवश्यकता है। इसलिए समाज का प्रत्येक नागरिक नशा मुक्त समाज बनाने में अग्रणी भूमिका अदा करें। नशा एक अभिशाप है इसका मिलकर बहिष्कार करें। अगर आपके पास किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना है कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो इस बारे पुलिस को टअठअर हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे। पता व जानकारी बताने वाले व्यक्ति का नाम पता गुप्त रखा जायेगा।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जागरूक करते और नशे से बचने की शपथ दिलाते पुलिसकर्मी।



#### नशे के खिलाफ जंग में मांगा सहयोग

उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित स्टूडेंट्स व आमजन से कहा कि नशे के विरुद्ध इस युद्ध में पुलिस का सहयोग करें। अगर किसी भी परिवार में कोई भी व्यक्ति नशे का सेवन करता है तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें, जिला पुलिस इसमें पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिले में नशे के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाकर नशे के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि इस अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाया जा सके।

## खबर संक्षेप

### घर में चोरी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

रेवाड़ी। थाना जाटूसाना पुलिस ने चौकी नं. 2 मे अगस्त माह में घर में चोरी करने के आरोपी नौकर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। पुलिस शिकायत में सोमदत्त ने बताया था कि यूपी के सैनपुर निवासी सुभाष उसकी डयेरी पर काम करता था। वह उसके मकान में ही रहता था। 2 अगस्त को वह बिना बताए घर से लापता हो गया। फोन करने पर



उसका मोबाइल बंद आ रहा था। उसकी पत्नी ने कमरे में देखा तो सूटकेस और बॉक्स से 30 हजार रुपये और काफी जेवरात गायब मिले। उसे सुभाष पर ही चोरी का शक था। उसकी पत्नी से फोन पर संपर्क किया तो उसने आश्वासन दिया कि अगर सुभाष ने चोरी की है, तो उसका सामान लौटा दिया जाएगा। इसके बाद उसने नकदी व काफी जेवरात लौटा दिए। शेष बचे जेवरात बाद में लौटाने को कहा, लेकिन उसने जेवरात नहीं लौटाए। उसकी शिकायत पर जाटूसाना थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी सुभाष को गिरफ्तार कर लिया।

---

#### सात नवंबर तक चलेगा शहर स्वच्छता अभियान

# स्वच्छता अभियान पर रहेगी पैनी नजर डीसी ने दिए अफसरों को कड़े निर्देश

**नगर क्षेत्र में कहीं भी कूड़ा करकट व जलभराव न हो, इसके लिए संबंधित विभाग प्रबंध करें।**

*सफाई अभियान को सार्थक बनाने के लिए स्वच्छता को दें प्राथमिकता*




रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि आगामी 7 नवंबर तक चल रहे शहर स्वच्छता अभियान में म्हारा रेवाड़ी-स्वच्छ रेवाड़ी मुहिम के तहत शहर को सुंदर बनाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर स्वच्छता प्रबंधन को सुदृढ़ किया जाएगा। मीणा वीरवार को जिला सचिवालय सभागार में शहर स्वच्छता अभियान के तहत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जहां से कचरा उठाया जा रहा है, वहां पर ऐसी व्यवस्था करें कि कोई दोबारा से वहीं पर कचरा न डाले। नगर क्षेत्र में कहीं भी कूड़ा करकट और जलभराव न हो, इसके लिए संबंधित विभाग प्रबंध करे। पूरे शहरी क्षेत्र का जिला में निरीक्षण किया जाएगा। धारूहेड़ा व बावल नगरपालिका क्षेत्रों में भी कहीं पानी न भरा हो, इसका वह स्वयं निरीक्षण करेंगें। उन्होंने कहा कि नगर परिषद व नगर पालिका क्षेत्रों में हर घर से कूड़ा उठाने का कार्य किया जाए, ताकि शहरवासी ईधर-उधर कचरा न फैंके। उन्होंने कहा कि जिला के हाईवे पर लगते गांवों में कहीं भी सड़क पर कूडा-करकट हो तो उसको तुंरत प्रभाव से उठवाया जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, एचएसवीपी व नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन सड़कों के टेंडर हो चुके है, उनका कार्य शीघ्र शुरू करवाएं। डीसी ने सोलह राही व बड़ा तालाब की साफ-सफाई के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन स्थानों का सौंदर्य बरकरार रहना चाहिए।

**कूड़ा उठाना करें सुनिश्चित**

डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्र रेवाड़ी, बावल व धारूहेड़ा में नियमित रूप से कूड़ा उठान प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि डोर टू डोर कूड़ा उठाने के साथ-साथ लोगों को सफाई रखने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र से कूड़ा उठे, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए जाएं और नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि शहर के वार्डो में नियुक्त नोडल अधिकारी निरंतर मॉनिटरिंग करें और जहां भी सफाई संबंधित कोई समस्या आती है तो वहां पर नगर परिषद की सहायता लेकर सफाई करवाना सुनिश्चित करें।

**स्वच्छता दैनिक प्रक्रिया में करें शामिल**

डीसी ने नागरिकों से अपील की है कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना केवल प्रशासन का ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घरों व दुकानों के आसपास नियमित सफाई रखेगा तो न केवल उसका क्षेत्र स्वच्छ रहेगा, बल्कि पूरा शहर स्वच्छ और सुंदर बनेगा। अभियान के तहत डोर-टू-डोर कचरा एकत्रित किया जा रहा है। सभी दुकानदार और आमजन घरों व दुकानों के बाहर अतिक्रमण न करें और कचरा केवल नगर परिषद, नगर पालिका के वाहनों में ही डालें।

---

# किसानों को खाद की हो पर्याप्त आपूर्तिः उपायुक्त



रेवाड़ी। कृषि विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। डीसी अभिषेक मीणा ने गुरुवार को अपने कैम्प कार्यालय में कृषि विभाग, हेफेड, सहकारी समितियों, पैक्स प्रबंधकों सहित खाद कंपनी इफको, कृभको, आईपीएल, पैरादीप, चंबल, मैट्रिक्स आदि कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि सभी केंद्रों पर यूरिया और डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और बिक्री में पारदर्शिता बरती जाए। जमाखोरी को सख्ती से रोका जाए और निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर बिक्री न हो। डीसी ने पैक्स प्रबंधको को निर्देश दिए कि वे खाद की आपूर्ति के लिए समय रहते डिमांड दें। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को यूरिया व डीएपी पर ही आधारित न रहकर टीएसपी, एनपीके व अन्य उर्वरकों आदि का उपयोग करने के लिए जागरूक करें।

**बैठक में ये रहे मौजूद**

*ने सभी अधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए खाद वितरण का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में उप-निदेशक कृषि जितेन्द्र कुमार, उपमंडल अधिकारी कृषि डा. दीपक, पैक्स प्रबंधकों सहित विभिन्न खाद कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।*

---

# सीएम सैनी से मिले पंचायत प्रतिनिधि

*जनप्रतिनिधियों ने सौंपा मांग पत्र, उठाई इलाके की प्रमुख मांगें*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

बावल क्षेत्र के पंच-सरपंचों का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार देर शाम मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके निवास पर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने बावल क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को सीएम के समक्ष रखकर उनका समाधान कराने की मांग की। जनप्रतिनिधियों ने मुख्य रूप से बनीपुर ओवरब्रिज का निर्माण और झाबुआ में वन्य जीव संरक्षण केंद्र खोलने बारे आदि प्रमुख मुद्दे सीएम के सामने रखे। इसके अलावा अन्य समस्याओं को भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया। इस अवसर जिला भाजपा सचिव दिनेश यादव टींट और बावल मंडल भाजपा अध्यक्ष रमेश लौर झाबुआ ने 51-51 हजार रुपए की राशि क्षेत्र की तरफ से मुख्यमंत्री राहत कोष में दी। प्रतिनिधिमंडल में सरपंच अशोक यादव मामड़यि आसमपुर, पूर्व सरपंच भीम सिंह झाबुआ, सरपंच मनोज झाबुआ, एडवोकेट निहाल सिंह चौकन, घनश्याम बागड़ी, पूर्व सरपंच कपिल नेहरा प्राणपुरा, महामंत्री सोनू टांकड़ी व देवेंद्र आदि शामिल थे। सीएम ने जनप्रतिनिधियों को समस्याओं का जल्द निदान कराने का आश्वासन दिया।

---

# जन समस्याओं का तुरंत समाधान करें सुनिश्चित

## डीसी अभिषेक मीणा ने समाधान शिविर में सुनीं लोगों की शिकायतें




रेवाड़ी। समाधान शिविर में शिकायतों सुनते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समय पर निपटान हो और कोई भी मामला अधिक समय तक लंबित न रहे। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

डीसी वीरवार को जिला सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। डीसी ने समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों को सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में पाल्हावास गांव में पानी की निकासी को लेकर आई शिकायत पर डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्या की जांच करते हुए समाधान करना सुनिश्चित करे।

**यह रखीं मांग**

यादव नगर में पानी के भराव की समस्या पर डीसी ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जल निकासी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गांव मूंढी में अवैध रूप से चलाए जा रहे व्यायसिक कार्यो की शिकायत पर डीसी ने डीडीपीओ को इसकी जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। इसके अलावा समाधान शिविर में आए नागरिकों ने डीसी अभिषेक मीणा के समक्ष जल आपूर्ति, पहचान पत्र में नाम दर्ज करवाने, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं, राशन कार्ड, नगर परिषद से संबंधित और राजस्व मामलों से जुड़ी शिकायत रखीं। जिन पर डीसी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निदान करने के निर्देश दिए।

---

# खराब फसलों के उचित मुआवजे की मांग को लेकर जेजेपी का ज्ञापन

■ **प्रशासन से अपील की कि बिना देरी के मुआवजे की प्रक्रिया आरंभ की जाए**



रेवाड़ी। सीटीएम को ज्ञापन देते जेजेपी नेता व कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जेजेपी के जिला अध्यक्ष विजय पंच के नेतृत्व में वीरवार को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकतार्ओं ने सीटीएमको एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन हाल ही में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को उचित मुआवजा एवं राहत सहायता उपलब्ध कराने की माँग को लेकर दिया गया।

ज्ञापन के माध्यम से पार्टी ने प्रशासन से आग्रह किया कि प्रभावित किसानों, दुकानदारों और आमजन को शीघ्रता से सर्वे कराकर राहत राशि प्रदान की जाए, जिससे उनकी आजीविका पुनः पटरी पर लौट सके। इस अवसर पर जननायक जनता पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने एक स्वर में बाढ़ पीड़तिों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और प्रशासन से त्वरित कार्यवाही की मांग की। पंच ने कहा कि जेजेपी जनभावनाओं का सम्मान करती है और हर आपदा की घड़ी में जनता के साथ खड़ी है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि बिना देरी के मुआवजे की प्रक्रिया आरंभ की जाए। ज्ञापन देने वालों में भूप सिंह रसियावास प्रदेश संयुक्त सचिव, बच्चूसिंह सिंह शाहपुर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, धर्मपाल देशवाल प्रदेश कार्यकारिणी विशेष आमंत्रित सदस्य, उपेंद्र महलावत हल्का अध्यक्ष बावल,कमल मंगलेशवर प्रवक्ता रेवाड़ी, रमन यादव,ज्योति सागवान, विजेंदर सरपंच, सन्नी ततारपुर, यशवीर यादव, राज सांगवान संदीप सांगवान, संदीप नांगल तेजू आदि मौजूद थे।

---

# बाबू बालमुकुंद गुप्त सप्ताह कल से 18 को आईजीयू में होगा समापन

रेवाड़ी। गुड़यिानी में जन्मे यशस्वी साहित्यकार एवं मूर्धन्य पत्रकार स्व बाबू बालमुकुंद गुप्त की स्मृति में जिले की विभिन्न शिक्षण संस्थानों में बाबू मुकुंद गुप्त सप्ताह का आयोजन किया जाएगा, जिसकी शुरूआत



सीहा स्कूल से होगी तथा समापन इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में होगा। इस सप्ताह की आयोजन समिति बाबू बालमुकुंद गुप्त पत्रकारिता एवं साहित्य संरक्षण परिषद के अध्यक्ष ऋषि सिंहल ने बताया कि 12 सितंबर को परिषद् के महासचिव एवं साहित्यकार सत्यवीर नाहड़यि की अध्यक्षता में सीहा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विचार-गोष्ठी के माध्यम से गुप्त जी को याद किया जाएगा। इसी प्रकार 13 सितंबर को आरडीएस कॉलेज रेवाड़ी, 14 सितंबर को राष्ट्रीय कवि संगम रेवाड़ी, 15 सितंबर को विश्वकर्मा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, 16 सितंबर को केएलपी कॉलेज रेवाड़ी, 17 सितंबर को बाबू बालमुकुंद गुप्त राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुड़यिानी तथा 18 सितंबर को गुप्त जी की पुण्यतिथि पर मुख्य कार्यक्रम इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में आयोजित किया जाएगा। इन सभी कार्यक्रमों के अलावा भी जिले भर के शिक्षण संस्थानों में हिंदी पत्रकारिता तथा साहित्य में गुप्त जी के योगदान पर केंद्रित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 18 सितंबर को जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में प्रार्थना सभा के अंतर्गत राष्ट्रीयता के अग्रदूत गुप्त जी का भावपूर्ण स्मरण किया जाएगा।

---

# बिजली मंत्री से मिले एमएलए अनिल और डहीना को सब डिविजन बनाने की मांग

■ **ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने विधायक अनिल यादव को समाधना का दिलाया भरोसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



कोसली। अनिल विज से मुलाकात करते हुए विधायक अनिल यादव।

विधायक अनिल यादव ने हरियाणा प्रदेश के ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज से मुलाकात कर कोसली विधानसभा क्षेत्र में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम का एक स्टोर स्थापित करवाने का अनुरोध किया है। उन्होंने डहीना पावर हाउस को सब डिविजन का दर्जा देकर एसडीओ नियुक्त करने की मांग भी उठाई।

विधायक ने मंत्री अनिल विज को बताया कि उनके हलके में समय पर बिजली का सामान व बड़े उपकरण नहीं मिलने की वजह से बिजली आपूर्ति की सुचारू रूप से व्यवस्था नहीं हो पाती। इसलिए कोसली विधानसभा क्षेत्र में बिजली वितरण निगम का एक मंडल स्तरीय स्टोर बना दिया जाए।

जिससे कि आवश्यकता के अनुसार बिजली ट्रांसफार्मर व अन्य उपकरण उपलब्ध हो सके। इसके अलावा उन्होंने डहीना में बिजली वितरण निगम का एक उपमंडल कार्यालय स्थापित करवाए जाने का अनुरोध किया। डहीना में बिजली विभाग का उप मंडल कार्यालय बनने से यहां के निवासियों की बिजली वितरण निगम से संबंधित शिकायतों का जल्दी समाधान हो सकेगा। ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने विधायक अनिल यादव को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों को शीघ्र पूरा कर इस हलके में बिजली आपूर्ति व विभाग का सुव्यवस्थित ढांचा खड़ा किया जाएगा।

---

**पैसे कमाने का लालच दिया**

# पार्ट टाइम जॉब के नाम पर बनाया लाखों की ठगी का शिकार




रेवाड़ी। सेक्टर-3 में रहने वाले यूपी के एक युवक को साइबर ठगों ने पार्ट टाइम जॉब से पैसा कमाने का लालच देकर साढ़े पांच लाख रुपये से अधिक की ठगी का शिकार बना दिया। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में यूपी के गाजीपुर निवासी जितेंद्र ने बताया कि वह सेक्टर में किराए के मकान में रह रहा है। अगस्त माह में उसे सोशल मीडिया पर पार्ट टाइम जॉब से पैसा कमाने के बारे में बताया गया। सहमति जताने के बाद टेलीग्राम गुरप से जोड़ दिया गया। शुरू में उससे 1010 रुपये जमा कराने के बाद टास्क दिया गया। टास्क पूरा होने पर उसे दोगुणा से ज्यादा पैसा वापस किया गया। इसके बाद उसे टास्क करने के लिए और पैसा जमा कराने के लिए कहा गया। उसने 97 हजार रुपये बताए गए खातों में जमा करा दिए। इसके बाद उसके खाते में मुनाफ दिखाते हुए और पैसे जमा कराने को कहा गया। उसने लगभग 5.64 लाख रुपये जमा करा दिए। इसके बाद उसने पैसा निकालने का प्रयास किया, तो उसे और पैसा जमा कराने को कहा गया है। तब उसे ठगी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें उसकी रकम ट्रांसफर की गई थी।

---

# अफोर्डेबल फ्लैट के लिए सहमति 15 तक दें

■ **इसके बाद निरस्त हो जाएंगे आवेदन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सरकार की हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में गरीबी रेखा से नीचे बसर कर रहे परिवारों को मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत के अंतर्गत अफोर्डेबल फ्लैट दिए जा रहे हैं। एडीसी राहुल मोदी ने बताया कि प्राप्त आवेदन के सर्वे का काम विभाग द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। जिन आवेदनकर्ताओं से सम्पर्क नहीं हो पाया है वे अपनी सहमति सोमवार, 15 सितंबर तक खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी रेवाड़ी के कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**आवेदन नंबर व नाम की सूची**

जिन आवेदनकतार्ओं से सम्पर्क नहीं हो पाया है उनमें 35592- रेखा रानी, 62467-ज्योति, 112874-मनोज साह, 30919-राम लाल, 23996-सुषमा, 284658-राहुल, 280030-सुदेश कुमार, 66116-सुनील कुमार, 20729-आनंद कुमार, 158842-प्रदीप, 139464-अभिषेक मेहरा, 150706-कमल कुमार खरालिया, 233475-यशपाल आहूजा, 124410-मोतीराम, 159574-ज्योति, 32345-मधु बाला गुप्ता, 24613-आशा रानी, 99200-राकेश, 157567-सुषमा सतीजा, 26686-पायल रानी, 37726-सीमा कुमारी, 136288-निर्मला, 101862-रेनू, 151697-अजित, 25027-मंजू, 25065-ममता, 72698-विक्रम, 182179-कमलेश, 35270-वर्षा रानी, 36937-पवित्रा भटनागर, 189239-धर्मबीर, 151881-पुनिता, 115335-तारावंती, 98839-ओम प्रकाश अरोड़ा, 17233-गीता देवी, 17180-सोनी सैनी, 10413-दीपिका गोयल, 41467-शारदा, 62911-नितेश कुमार, 153363-राज कुमार, 11811-काजल, 12918-सोना गोस्वामी, 59661-राजेन्द्र कुमार, 58875-आशीष शर्मा, 298805-भगवान दास, 106110- बीना देवी, 197732-सरिता, 140308-रेखा रानी, 275738-सुमन देवी, 97746-इंद्रपाल, 227556-निर्मला, 105490-ओमप्रकाश, 36597-बबली, 123368-रेखा, 268267-सतीश कुमार यादव, 21358-निशा देवी, 301317-मुस्कान टम्टा, 13789-उषा, 290168-कशिश, 62197-संजू, 154378-पवन कुमार, 101723-सोनी देवी, 149592-मंजू देवी, 148720-सोना राम, 60676-सुनीता, 32029-शिव कुमार, 187330-उमा, 115466-परमेश्वरी देवी, 131748-शकुन्तला देवी, 107509-रेखा रानी, 211770-कविता, 129623-सुनीता, 132890-रीया, 38603-पूजा, 38043-वंशी, 25243-विष्णु दत्त, 185005-फतेह सिंह, 88237- पूजा, 72625-महेन्द्र सिंह, 138301-मोतिया, 240256-सुनीता, 75729-दीपिका बत्रा, 78858-इन्दु, 242275-सुनील कुमार, 143884-रीता देवी, 262755-अश्विनी कुमार, 289222-मधु नागपाल, 188605-अल्का उमरेल, 71705-कमलजीत कौर, 25914-संजू देवी, 267254-दीपिका, 87495-ज्योति, 44111-मुकेश कुमार, 294326-प्रियंका, 35745-विपिन कौशिक, 54090-सुशीला, 247622-मीना, 263958-शंकर लाल, 211950-पूनम कुमारी वर्मा, 125273-कर्णदीप कुमार, 36233-मीनाक्षी शर्मा, 52838-करण, 119747-संगीता देवी, 25053-अम्बे देवी, 145984-बबीता, 18501-हरबंस लाल खुराना, 35879-हरीश, 238024-गुड्डी कुमारी, 97611-जसवंत सिंह, 144682-राकेश कुमार, 173350-रामहंस, 34168-प्रदीप कुमार, 125135-अराती, 97997-सुरेश कुमार, 99125-गीता, 165736-कृष्ण, 181663-कांता, 189471-सबीना, 23404-सोनी, 67816-पूनम देवी, 247037-दीपक यादव, 10671-ओम प्रकाश, 76777-सोनिया, 129249-ममता रानी, 36271-कृष्ण कांत सैनी, 95101-हेमलता, 66111, ज्योति, 133157, मंजू यादव, 36703-घन श्याम, 81183-जगदीश, 21597-रवि प्रकाश, 241165-ज्योति, 275917-लाली, 279150-सुमित्रा कुमारी, 79397-नीलिमा जग्मेर बालियान, 28461-राकेश, 97066-माया देवी, 211320-लावण्या, 167358-कविता, 165092-राज कुमार, 226458-सोनू कुमार, 82430-दीपिका रानी, 16151-अंकुर कुमार, 168722-राजीव कुमार, 140678-निर्मला, 297036-खुशी राम, 252027-सुनीता देवी, 23537-गजेंद्र, 256790-त्रिलोक चंद, 185069-मंजू मैसी, 129738-पूजा अटल, 46510-वीर सिंह, 222376-संतोष, 243091-भूपेंद्र सिंह, 105575-कमलेश रानी, 249791-राकेश कुमार, 92267-आशा देवी, 22241-पुष्पा, 22842-संजीव कुमार, 142551-कोयल देवी, 66578-सतपाल, 274435-प्रदीप, 226076-ममता सलूजा, 235372-संदीप कुमार, 79603-चीनू शर्मा, 229799-बालजी गोस्वामी, 100716-मुकेश कुमार, 227873-विजेंद्र, 224014-सुनीता, 41577-साहिल, 176637-सुमन देवी, 132649-रितेश, 268520-सीमा देवी, 79745-लक्ष्मी देवी, 249845-कर्मपता, 103500-गोपाल कुमार, 207218-गोल्डी कुमार, 189132-मिंटू, 288597-शिवानी, 275730-अरुण कुमार, 14276-जय कुमार, 200262-जसवंत सिंह, 141335-रविन्द्र कुमार, 23605-मंजू कसाना, 183102-अमिता, 98803-नवीन कुमार, 43867-राकेश, 228085-सुमित्रा देवी, 292790-राज कुमारी शर्मा, 78027-नसीब चंद, 235608-दीप्ति, 83191-उमेश, 111784-जय भगवान, 81673-अमित, 266032-पूनम, 47805-मुन्नी लाल, 48010-हेतराम, 167385-रोजी, 125356-खेम चंद, 140135-सोनिया, 194003-कामिनी, 236658-राज कुमार, 24419-चुन्नी लाल, 214110-सपना रानी, 43100-शीला देवी, 133068-अजीत, 185021-रेनू, 196319-ओमप्रकाश, 242280-दिनेश कुमार, 32745-सोनी शर्मा, 43264-बंधन देवी, 15213-सुरेश कुमार, 93878-हरपाल सिंह, 129641-पुलकित वशिष्ठ, 11326-सुशीला देवी, 289271-राजेश, 58642-महेन्द्र गेरा, 31496-सीमा, 89894-सोनिया, 284655-पवन कुमार, 46446-सुनीता, 80675-हरिकिशन, 218961- रामनारायण,115511-दीपक गेरा, 142904-बलवान, 291929-गीता, 28951-संजू, 118374-सुमित्रा देवी, 80765-नरेंद्र कुमार, 211808-पुष्प लता, 58132-कृष्णा, 218960-राम किशोर , 49867-बाल किशन सोनी, 174961-उषा रानी, 59480-कमल, 81169-विजय कुमार, 23861-रेखा, 41245-राखी, 77637-जितेन्द्र, 109162-सतीश देवी, 211816-पूनम, 156304-लक्ष्मी, 23831-जैसा राम शर्मा, 47268-विमल, 247861-भानुप्रताप, 99910- सपना, 13192-नीमा 249185-प्रियंका, 282634-सुनीता वर्मा, 98404-किरण , 298448-मुनाचुन प्रसाद पंडित, 98924-विकास कुमार, 285371-सुंदर देवी, 163346-सुनीता, 22565-कौशल किशोर, 266174-स्नेहलत्ता, 137141-कृष्णा देवी, 217169-पूनम शामिल है।

---

**10 लाख का बजट स्वीकृत**

# आईजीयू में पहली बार आयोजित होंगे जोनल स्तर पर यूथ फेस्टिवल

हरिभूमि न्यूज. मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. असीम मिगलानी की अध्यक्षता में यूथ वेलफेयर कमेटी की आठवीं बैठक आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थी एवं युवा कल्याण से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में लिए गए सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों की बात की जाए तो विश्वविद्यालय द्वारा पहली बार जोनल यूथ फेस्टिवल का आयोजन करवाया जाएगा।

इसके लिए युवा महोत्सव को 2 जोन में विभाजित किया गया है। रेवाड़ी जोन का यूथ फेस्टिवल केएलपी कॉलेज रेवाड़ी तथा महेंद्रगढ़ जॉन का यूथ फेस्टिवल आरपीएस इंजीनियरिंग कॉलेज महेंद्रगढ़ द्वारा आयोजित किया जाएगा। इन आयोजनों को छात्र कल्याण विभाग द्वारा प्रायोजित किया जाएगा और आयोजन करने वाले दोनों महाविद्यालय को विभाग



**विवि शिक्षण विभाग एवं संबद्ध कॉलेजों के विद्यार्थी भाग लेंगे**

की ओर से ?6 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। इससे पूर्व अभी तक रेवाड़ी एवं महेंद्रगढ़ जिलों के 135 से अधिक महाविद्यालयों के लिए संयुक्त रूप से एक ही यूथ फेस्टिवल का आयोजन होता था जिस कारण टीमों की संख्या अधिक हो जाती थी और कार्यक्रम देर रात तक चलाने पड़ते थे और आयोजकों को भी कठिनाइयां होती थी। युवाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए एक ओर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि चालू शैक्षणिक सत्र के दौरान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को साहसिक खेलों में प्रोत्साहित करने हेतु कुल 4 एडवेंचर कैंप आयोजित किए जाएंगे। इनमें विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग एवं संबद्ध कॉलेजों के विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रत्येक कैंप में 30 विद्यार्थी शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। सुमिता मिश्रा से मुलाकात करते हुए अमित स्वामी।

### अमित स्वामी ने गृह सचिव से की कई मुद्दों पर चर्चा

**रेवाड़ी।** यंग मैन्स एसोसियेशन आफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा एशियन बाड़ी बिल्डिंग एवं फिसीक स्पोर्ट्स फैडरेशन के महानिदेशक अमित स्वामी ने राज्य की गृह सचिव डा. सुमिता मिश्रा से उनके सरकारी आवास पर भेंट की।

अमित स्वामी ने मिश्रा से चर्चा करते हुए युवाओं में बढ़ती अपराधिक मानसिकता व अपराधों की रोकथाम के लिए सरकार एवं जनता के संयुक्त प्रयासों पर चर्चा की व संस्था की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। अमित स्वामी ने उन्हें एशियन बाडी बिल्डिंग एवं फिसीक स्पोर्टस फैडरेशन की ओर से सर्टिफिकेट आफ मैरिट सम्मान ने नवाजा। सुमिता मिश्रा केन्द्र में इकोनोमिक एडवाजरी कौंसिल टू प्राइम मिनिस्टर में सीनियर एडवाजर के रुप में भी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं।

### राष्टीय लोक अदालत का आयोजन आज

**रेवाड़ी।** परमानेंट लोक अदालत के अध्यक्ष जगभूषण गुप्ता ने बताया की हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निदेर्शानुसार परमानेंट लोक अदालत रेवाड़ी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 12 सितंबर को किया जाएगा। इसमें लोग टेलीफोन, बिजली, इंश्योरेंस, डाकघर, पानी, यातायात, बैंक लोन से संबंधित केस तथा अन्य जरूरी सेवाएं से संबंधित केस लगवा कर अपने केसों का निपटारा करा सकते हैं। गुप्ता ने आमजन से ज्यादा से ज्यादा(प्री-लिटिगेशन) केस रखने की अपील की।

### कोचिंग सेंटर की जांच करने पहुंचे एसडीएम

**कोसली।** कोर्ट रोड पर पिछले काफी समय से चल रहे एक निजी कोचिंग सेंटर का वीरवार को एसडीएम विजय कुमार यादव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्थान में कई प्रकार की अनियमितताएं पाई गई । एसडीएम विजय कुमार यादव ने बताया कि चार दिन पहले उन्होंने गांव लुखी के एक प्राइवेट स्कूल का निरीक्षण किया था। जिसमें उन्होंने पाया कि 11वीं और 12वीं कक्षा में बच्चों की उपस्थिति बहुत कम है।

### सीएम फ्लाइंग की रेड के बाद शिकायतों से खुलासा, निगम के एमडी को भेजी टीम ने अपनी रिपोर्ट

# सीवर लाइनों में छोड़ा जा रहा अनट्रीट पानी नोटिस देने तक सीमित एचएसआईआईडीसी

*छापेमार के दौरान तीन कर्मचारी अवकाश पर थे, जबकि एक स्पेशल ड्यूटी पर पाया गया*

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

एचएसआईआईडीसी के अधीन वाली आने वाली कंपनियों का दूषित पानी बिना ट्रीट किए ही सीवर लाइनों में छोड़ा जाता है। निगम संबंधित कंपनियों को नोटिस तो जारी करता है, परंतु बाद में कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं होता। वीरवार को एचएसआईआईडीसी कार्यालय पर सीएम फ्लाइंग की रेड के बाद इस बात का खुलासा हुआ है। फ्लाइंग ने इसकी रिपोर्ट निगम के एमडी को प्रेषित की है। सीएम फ्लाइंग की रेड से निगम कार्यालय में हड़कंप की स्थिति बनी रही। बावल क्षेत्र के गांव पातुहेड़ा, बनीपुर और आसलवास आदि गांवों की सीमा में भारी मात्रा में उद्योगों का दूषित पानी छोड़ा जा रहा है। बरसात के समय दूषित पानी गांवों की गलियों से होकर लोगों के घरों तक में घुस गया था। ग्रामीण आरोप लगाते रहे हैं कि एचएसआईआईडीसी के अधीन आने वाले उद्योग पानी को ट्रीट किए बिना ही सीवर लाइनों और नहरों में छोड़ते हैं। सीवर लाइनों का पानी खाली जमीन में एकत्रित हो रहा है। यह पानी जमीन में जाने के कारण भूमिगत जल भी दूषित हो रहा है। हैंडपंप से लेकर नलकूपों तक से दूषित पानी निकल रहा है, जो पशुओं के पीने लायक भी नहीं है। दूषित पानी के भराव से गांवों में बीमारियां फैलने की आशंका लगातार बनी रहती है। सितंबर माह के शुरू में ही बरसात के समय पानी घरों में घुसने के बाद ग्रामीणों ने एचएसआईआईडीसी के खिलाफ प्रदर्शन भी किया था। इसके बाद एसडीएम बावल ने बिना ट्रीट किया हुआ पानी छोड़ने पर एचएसआईआईडीसी और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को भी तलब किया था। एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि दूषित पानी किसी भी सूरत में नहर में नहीं छोड़ने दिया जाएगा।

**बरसात के समय दूषित पानी लोगों के घरों तक में घुस गया था**



बावल। औद्योगिक एरिया में एकत्रित दूषित पानी। फोटो : हरिभूमि

#### निगम के दो मैनेजर मिले ड्यूटी से नदारद

सीएम फ्लाइंग इंचार्ज राजेश कुमार के नेतृत्व में वीरवार को डहीना के नायब तहसीलदार रिंकू यादव की मौजूदगी में एचएसआईआईडीसी कार्यालय में रेड की गई। निगम के 37 में से 31 कर्मचारी हाजिर मिले। तीन कर्मचारी अवकाश पर थे, जबकि एक स्पेशल ड्यूटी पर पाया गया। दो मैनेजर गैर हाजिर पाए गए। इसके बाद फ्लाइंग ने गैर हाजिर कर्मचारियों की रिपोर्ट भी तैयार करने के बाद निगम मुख्यालय को प्रेषित कर दी। निगम कर्मचारियों में टीम पहुंचने के बाद अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।



बावल। एचएसआईआईडीसी अधिकारियों से बातचीत करते हुए सीएम फ्लाइंग।

#### पानी की निकासी की शिकायत ज्यादा

*रिकॉर्ड निरीक्षण के दौरान सीएम फ्लाइंग ने पाया कि सीएम विंडो से संबंधित निगम की 20 शिकायतों का समय पर निपटारा कर दिया गया। डिस्पैच रजिस्टर में फैक्ट्रियों का दूषित पानी गांवों में जाने संबंधित शिकायतें मिलीं। इस मामले में बातचीत करने पर बताया गया कि पानी की समस्या का समाधान करने के लिए निगम के पास अभी तक बजट ही नहीं है। संबंधित उद्योगों को निगम की ओर से नोटिस तो दिए जाते हैं, परंतु बाद में कोई ठोस एक्शन नहीं लिया जाता।*

#### एमडी को प्रेषित की अनियमितताओं की रिपोर्ट

*ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में एचएसआईआईडीसी कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं और गैर हाजिर कर्मचारियों की रिपोर्ट तैयार करने के बाद उसे निगम एमडी को प्रेषित कर दिया गया है। दूषित पानी का मामला सबसे ज्यादा गंभीर पाया गया है।*
*-राजेश कुमार, इंचार्ज, सीएम फ्लाइंग।*



बावल। एचएसआईआईडीसी में खाली पड़ी मैनेजर की कुर्सी। फोटो : हरिभूमि

#### बेलगाम साबित हो रहे फैक्ट्री संचालक

*बावल औद्योगिक एरिया में फैक्ट्रियों का दूषित पानी बिना ट्रीट किए छोड़ा जाता है। एचएसपीसीबी के अधिकारी ऐसे उद्योगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे, जिस कारण दूषित पानी पर रोक नहीं लग पा रही। बोर्ड अधिकारियों की उद्योगपतियों के साथ सांठगांठ आमजन की जान पर भारी पड़ रही है। गत दिनों दो उद्योगों के जहरीले पानी से कई गायों की मौत तक हो गई थी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बाद मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। अभी तक गायों की मौत के मामले में आरोपी नामजद नहीं किए जा सके हैं।*

## टैक्सी चालक फंदे पर झूला, मौत

- !पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

टैक्सी चलाने वाले कालड़ावास के एक युवक का शव वीरवार सुबह सनसिटी के पास बाइपास रोड पर पेड़ से फांदी के फंदे पर झूलता हुआ मिला। उसकी कार भी पेड़ के पास ही खड़ी हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। लगभग 25 वर्षीय कालड़ावास निवासी प्रदीप किसी काम से गाड़ी लेकर घर से निकला था।

इसके बाद वह घर नहीं लौटा। वीरवार सुबह एक शव पेड़ से लटका हुआ देखकर लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। शव पेड़ से उतारने के बाद पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुला लिया। मृतक की जेब से मिले कागजात के आधार पर उसकी पहचान प्रदीप के रूप में हो गई। इसके बाद उसके परिजनों को सूचना देकर बुलाया गया। बाद में शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया।





रेवाड़ी। मृतक की कार की जांच करते सीन ऑफ क्राइम टीम व पोस्टमार्टम कराने के लिए अस्पताल में मौजूद पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

#### रिपोर्ट के बाद पता चलेगा मौत का कारण

*पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मौत के कारणों का पता लगाने के प्रयास कर रही है। सिटी एसएचओ गजराज ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। परिजनों के बयान और पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद सच्चाई का पता चल सकेगा।*

## आत्महत्या रोकथाम दिवस पर कार्यशाला

- विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग एवम नेशनल टास्क फोर्स द्वारा विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत अधिष्ठाता बिहेव्यरल एंड कॉग्निटिव साइंसेज एवं विभागाध्यक्ष डॉ. बिजेंद्र सिंह एवम नेशनल टास्क फोर्स नोडल अधिकारी डॉ. संदीप कुमार ने की। विश्वविद्यालय परिसर में आत्महत्या रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए विद्यार्थियों द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों जैसे यूआईटी बिल्डिंग, विवेकानंद भवन एवम राव तुला राम भवन में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। इन नाटकों के माध्यम से विद्यार्थियों ने भावनात्मक और सशक्त संदेश दिया कि कठिन परिस्थितियों में संवाद, सहयोग और सकारात्मक सोच जीवन को नई दिशा दे सकते हैं। नाटकों की कथावस्तु ने यह स्पष्ट किया कि छोटी-छोटी समस्याओं को साझा कर समय रहते मदद लेना आत्महत्या जैसी गंभीर प्रवृत्तियों को रोकने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो सकता है। पूरे दिन विभिन्न स्थानों पर प्रस्तुत किए गए इन नुक्कड़ नाटकों ने विद्यार्थियों, अध्यापकों और कर्मचारियों को गहराई से प्रभावित किया।





मीरपुर। कार्यक्रम में भाग लेने व रैली निकालने वाले विद्यार्थी स्टाफ के साथ। फोटो : हरिभूमि

#### रैली से लोगों को किया जागरूक

इसी के साथ विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से लोगों को आत्महत्या से निपटने के लिए जागरूक किया, जिसकी अगुवाई विभाग सदस्य डॉ. संदीप कुमार, डॉ. सतीश कुमार व श्री रोहित कुमार ने की। रैली और पोस्टरों ने वातावरण को ऊर्जा और जागरूकता से भर दिया, वहीं नाटकों ने लोगों के मन-मस्तिष्क को छूते हुए यह संदेश दिया कि मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए आयोजन समिति ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में फैली झिझक और भ्रांतियों को दूर करना ही इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य है। विभाग ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि युवाओं और समाज में आत्महत्या रोकथाम के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके।

### मंत्री राव नरबीर आज करेंगे पत्रिका का विमोचन



**रेवाड़ी।** प्रदेश के उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह 12 सितंबर को जाट धर्मशाला में जाट समाज की पत्रिका 'जागृति' का विमोचन करेंगे। समाज के प्रधान सूरत सिंह चौधरी की अगुवाई में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राव नरबीर सिंह के निजी प्रवक्ता हरिन्द्र यादव ने बताया कि राव नरबीर सिंह परिवार 36 बिरादरी को मान-सम्मान देने मे सदैव अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। 1942 से अहीरवाल क्षेत्र में यदि एक हुक्के व समाज के सभी वर्ग के साथ बैठकर भोजन कि प्रथा चलाई तो, वह राव मोहर सिंह का ही परिवार था। उन्होंने बताया कि राव नरबीर इसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

## कोसली में चलेगा नारी सशक्त परिवार अभियान

- अभियान के बारे में एसएमओ नी दी जानकारी, दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कोसली

उपमंडल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 से 27 सितंबर तक पूरे देश की तर्ज पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान चलाया जाएगा।

जिसके अंतर्गत पांच साल तक के छोटे बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को टीके लगाए जाएंगे तथा वैक्सीन व दवाईयां दी जाएंगी। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डा. विक्रम सिंह ने बताया कि इस अवधि में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान चलाया जाएगा। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमों का गठन कर विशेष टीकाकरण मुहिम चलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि परिवार में महिला और बच्चे स्वस्थ हैं तो परिवार खुशी-खुशी जीवन व्यतीत करता है। आमतौर पर महिलाएं दिन भर काम में लगी रहती हैं और अपने स्वास्थ्य की ओर ध्यान नहीं दे पाती। जबकि महिलाओं को समय-समय पर अपनी सेहत की जांच करवाते रहना चाहिए। जिससे कि उनमें एनीमिया, प्रसव के समय कमजोरी, मधुमेह, विटामिनों की कमी आदि जैसी समस्या उत्पन्न ना हो। एक स्वस्थ नारी ही स्वस्थ शिशु को जन्म दे सकती हैं। इसलिए महिलाओं को अपने आहार-विहार में सुधार लाते रहना चाहिए।



एसएमओ डा विक्रम सिंह।

#### बीमारियों से करवाया अवगत

एसएमओ डा. विक्रम सिंह ने कहा कि जन्म से लेकर पांच साल तक के बच्चों को हेपेटाइटिस बी, पोलियो, काली खांसी, खसरा, निमोनिया आदि बीमारियों से बचाव के लिए निश्चित अवधि में टीके व वैक्सीन दी जाती है। इनमें से कोई वैक्सीन या टीका छूट गया है तो विशेष अभियान के दौरान अभिभावक इन्हें बच्चों को लगवा सकते हैं।

## नशीला पदार्थ स्मैक बेचने पर एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

सिटी पुलिस ने नशीला पदार्थ स्मैक बेचने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला बास सिताबराय निवासी संदीप के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। 21 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली थी कि मोहल्ला खासापुरा मोहल्ला निवासी मुकेश उर्फ मोनू नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है। जो वह अभी सब्जी मण्डी के पिछे आर्य समाज रोड़ पर पुरानी नगर पालिका रेवाडी के पास खड़ा हुआ है।



रेवाड़ी। गिरफ्तार किया गया आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

**जागरूकता** थाना प्रबन्धक रामपुरा इंस्पेक्टर विद्या सागर ने टीम के साथ परखी शहर की सुरक्षा व्यवस्था

# सुरक्षा का जायजा लेने पैदल मार्च कर रहे दरोगा सीधा संवाद कर विश्वास जीतने की कवायद तेज

*लोगों के बीच जाकर पुलिस कर रही ताल-मेल बिठाने का काम*

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

पुलिस थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने और पुलिस के प्रति जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर थाना प्रभारी अपने-अपने इलाकों में पैदल गश्त करने की मुहिम में जुटे हुए हैं। वीरवार को इसी कड़ी में थाना प्रबन्धक रामपुरा इंस्पेक्टर विद्या सागर, थाना प्रबन्धक माडल टाउन इंस्पेक्टर सीमा, थाना प्रबन्धक बावल इंस्पेक्टर संजय कुमार, थाना प्रबन्धक कसौला इंस्पेक्टर शिव दर्शन व थाना धारूहेड़ा से इंस्पेक्टर विनोद त्यागी ने अपनी अपनी टीमों के साथ क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पैदल गशत की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसं की प्रतिबद्धता दोहराई। यह गश्त क्षेत्र में पुलिस की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करने, नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने और अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।





रेवाड़ी। अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल गशत करते हुए थाना प्रभारी। फोटो : हरिभूमि

#### आम नागरिक खुद को महसूस करें सुरक्षित

उन्होंने ने इस अवसर पर कहा कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करे। पुलिस जनता की मित्र है और हमारा निरंतर प्रयास है कि अपराधों की रोकथाम के साथ-साथ आमजन का पुलिस पर विश्वास भी सुदृढ़ हो। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं को नशे से दूर रहने और शिक्षा एवं खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही। क्षेत्र के निवासियों ने पुलिस के इस जन-उन्मुख प्रयास की सराहना की और विश्वास व्यक्त किया कि इससे क्षेत्र में अपराधों में कमी आएगी और समग्र सुरक्षा का वातावरण बेहतर होगा।